सख्त कार्रवाई होनी चाहिए,

गणतंत्र दिवस पर GHD वेलफेयर फाउंडेशन ने बांटी निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें

संवाददाता मोहन लाल वर्मा जयपुर निवाना (चौमूं)। 77वें गणतंत्र दिवस के गौरवशाली अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंचायत निवाना में देशभक्ति के साथ-साथ शिक्षा के प्रति जागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिला। यहाँ GHD वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देते हुए, इस मौके पर शिक्षा के प्रति संकल्प लेकर फाउंडेशन द्वारा गांव के जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें और शिक्षण सामग्री वितरित की गई, ताकि संसाधनों के अभाव में किसी भी बच्चे की पढ़ाई न रुके। स्कूल प्रशासन द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और पढ़ने का उत्साह साफ दिखाई दिया कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन मैनेजमेंट टीम की और से ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बी .एम .सिंह मोखरिया ने बताया कि संस्था प्रमुख श्रीमती लक्ष्मी देवी एवं श्री अजय रूडमल नारनोलिया का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को शैक्षिक एवं बौद्धिक स्तर मज़बूत किया जावें। शिक्षा की जरूरत को समझते हुए निःशुल्क शिक्षण संस्थान जयपुर में चला गया। क्योंकिशिक्षित समाज ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण करने में भूमिका निभाता हैं,और हमारा उद्देश्य हर बच्चे तक शिक्षा की पहुंच आसान बनाना है।मैनेजमेंट टीम के सहयोगी सदस्य श्री रमेश खोरवाल ने प्रांगण में उपस्थित विद्यार्थियों एवं ग्राम वासियों के लिए मिठाई की व्यवस्था की । फाउंडेशन की टीम की ओर से हंसराज पटेल एवं सुरेश वर्मा, परमानन्द, राधे का भरपूर सहयोग रहा।ग्राम पंचायत निवाना के स्कूल प्रधानाचार्य श्री बजरंग लाल कुमावत, स्टॉफ सहकर्मियों एवं प्रबुद्ध जनों और अभिभावकों ने GHD वेलफेयर फाउंडेशन की इस पहल की भूरी भूरी प्रशंसा की।

Scanned with OKEN Scanner